क्रमांक..44

# मध्यप्रदेश विधान सभा
## पत्रक भाग-2

## शुक्रवार,दिनांक 17/07/2026 (आषाढ़-26-1948)
## सत्रकाल में विधायक विश्राम गृह से नवीन विधान सभा भवन तक माननीय सदस्यों को आने-जाने हेतु बस व्यवस्था।

मध्यप्रदेश विधान सभा का आगामी वर्षाकालीन सत्र,सोमवार दिनांक 20 जुलाई,2026 से 24 जुलाई, 2026 तक आहूत है । माननीय सदस्यों की सुविधा हेतु विधायक विश्राम गृह से विधान सभा भवन तक आने-जाने के लिए विधान सभा सचिवालय की दो मिनी बसों (वातानुकूलित) की व्यवस्था की गई है।

बैठक दिवसों में एक मिनी बस प्रात: 10:20 बजे एवं दूसरी प्रात: 10:45 बजे तथा एक मिनी बस दोपहर 02:30 बजे एवं दूसरी 02:45 बजे विधायक विश्राम गृह के खण्डों के सामने एवं सत्र के मध्यांतर व सभा समाप्ति के समय, विधायक विश्राम गृह हेतु विधान सभा परिसर में उपलब्ध रहेगी।

विधान सभा सचिवालय द्वारा उपर्युक्त बसों के संचालन हेतु,**श्री कैलाश दलवी**, वाहन क्रमांक **एम.पी.02/ए.डी.0405**,( मोबाईल नम्बर, **8889473647**) एवं **श्री विनोद चौधरी**, वाहन क्रमांक **एम.पी.02/ए.डी.0504**, (मोबाईल नम्बर,**9826073187**) पर वाहन चालकों की ड्यूटी लगाई गई है, उक्त वाहन निर्धारित अंतराल पर विधायक विश्राम गृह एवं विधान सभा परिसर के बीच निरन्तर संचालित रहेगी ।बस संबंधी व्यवस्था हेतु किसी प्रकार की असुविधा/सहायता हेतु **श्री हरीश कुमार श्रीवास**,प्रशासकीय अधिकारी(अ.स), मोबाईल नम्बर **8319326324** एवं **श्री मोहन लाल राय**, निज सचिव (वाहन), मोबाईल नम्बर **8839672821** से संपर्क किया जा सकता है।

उक्त के अतिरिक्त सुलभ सम्पर्क हेतु वाहन शाखा का दूरभाष क्रमांक 0755-2523025 भी उपलब्ध रहेगा ।

माननीय सदस्य उपर्युक्त सुविधा का लाभ लेने का कष्ट करें ।

मयंक वर्मा,<br>
**अपर सचिव**<br>
म.प्र विधान सभा

Balandu pratap singh\Vahan